BSA
BROADCASTING STANDARDS AUTHORITY
TE MANA WHANONGA KAIPĀHO

मीडिया रिलीज

विविध दर्शकों में से आधे हानिकारक सामग्री के अनुभव के कारण प्रसारण से बचते हैं

ब्रॉडकास्टिंग स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी (प्रसारण मानक प्राधिकरण) के नए शोध से पता चलता है कि विभिन्न समुदायों के कई सदस्य आक्रामक या हानिकारक सामग्री के अनुभवों के कारण सार्वजनिक प्रसारण से बचते हैं।

BSA (बीएसए) द्वारा किए गए सर्वे में माओरी (79%), प्रशांत क्षेत्र के (पैसिफिक) लोग (85%), एशियन (76%) और मुस्लिम (75%) के तीन-चौथाई से अधिक लोग महसूस करते हैं कि न्यूज़ीलैंड में आपत्तिजनक, भेदभावपूर्ण या विवादास्पद विचारों का संपर्क एक समस्या है।

पिछले छह महीनों में लगभग एक तिहाई माओरी, प्रशांत क्षेत्र के लोगों और मुस्लिम लोगों, तथा 21% एशियन लोगों ने सार्वजनिक रूप से साझा किए गए इस प्रकार के विचारों को पढ़ा, देखा या सुना है। उदाहरणों में संघर्ष को भड़काना, रूढ़िवादिता को मजबूत करना, गलत सूचना, असंतुलित रिपोर्टिंग और लोगों की भिन्नता पर चुटकुले या हमले शामिल हैं।

आधे से अधिक (लोगों) का कहना है कि वे टीवी या रेडियो देखने या सुनने से बचते हैं क्योंकि इनमें बहुत ज्यादा गलत सूचना और अनुचित सामग्री है (माओरी 55%, पैसिफिक 50%, एशियन 52%, मुस्लिम 52%)।

हालांकि, आपत्तिजनक सामग्री देखने के लिए सोशल मीडिया सबसे अधिक उद्धृत मंच है (और इसे सबसे हानिकारक माना जाता है), इसके बाद निःशुल्क टीवी प्रसारण और ऑनलाइन समाचार साइटें आती हैं।

सर्वेक्षण में शामिल लोगों में से केवल कुछ अल्पसंख्यक लोगों का मानना है कि न्यूज़ीलैंड में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और संभावित नुकसान के बीच सही संतुलन है, जबकि बहुसंख्यक लोगों का मानना है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को दूसरों के विचारों का सम्मान करने की आवश्यकता के साथ संतुलित किया जाना चाहिए।

ये निष्कर्ष विविध समुदायों पर होने वाले अभिव्यक्ति के विशेष रूपों के प्रभाव तथा प्रसारण मानक व्यवस्था द्वारा इन समुदायों को कितनी अच्छी सेवा दी जाती है, इस पर नए BSA (बीएसए) शोध* का हिस्सा हैं।

अन्य निष्कर्षों में शामिल हैं:

- प्रत्येक समुदाय का एक बड़ा हिस्सा मानता है कि हानि को रोकने के लिए अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर सख्त सीमाएं लगाने की जरूरत है (माओरी 56%, पैसीफिक 60%, एशियन 45%, मुस्लिम 41%)।

- जबकि सोशल मीडिया को आपत्तिजनक सामग्री का सबसे प्रचलित और हानिकारक स्रोत माना जाता है, मुख्यधारा के मीडिया पर इसे प्रसारित करना, इसे वैध बनाने में मदद करने के रूप में देखा जाता है। टॉकबैक रेडियो और सोशल मीडिया के "अपेक्षाकृत गुमनाम" होने को अधिक चरम विचारों को व्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित करने के रूप में देखा जाता है।

- फोकस समूह स्वीकार करते हैं कि कई उदाहरण मामूली लग सकते हैं, लेकिन उनकी व्यापकता को संचयी रूप से कुछ अधिक हानिकारक होने के रूप में देखते हैं।

- इसके परिणामस्वरूप कई लोग क्रोधित या आहत महसूस करते हैं। प्रतिभागियों ने व्यापक प्रभावों की ओर इशारा किया, जैसे कि बुरे व्यवहार/रूढ़िवादिता को सामान्य मान लेना; आकांक्षाओं को नुकसान; असुरक्षित महसूस करना, आलोचना का शिकार होना या 'फिट (सम्मिलित) न हो पाना'; साथ ही आत्मविश्वास, मानसिक स्वास्थ्य और आत्मसम्मान पर प्रभाव।

- हालाँकि, प्रत्येक समुदाय का एक बड़ा हिस्सा यह भी महसूस करता है कि "लोगों को जो वे चाहते हैं, वह कहने में सक्षम होना चाहिए क्योंकि आप हमेशा कार्यक्रम को बंद कर सकते हैं या न सुनने का विकल्प चुन सकते हैं"।

- आपत्तिजनक विचारों के अनुभव की सबसे आम प्रतिक्रिया होती है परिवार/दोस्तों से बात करना, इसके बाद प्रसारणकर्ता को शिकायत करना, ऑनलाइन टिप्पणी करना और सरकारी निकाय से शिकायत करना (अधिकांश

लोगों के लिए मानवाधिकार आयोग सबसे पहले संपर्क का माध्यम होता है, उसके बाद BSA)।

- शिकायत दर्ज कराने के लिए मुख्य प्रेरक संभावित हिंसा या उनके परिवारों को होने वाली हानि समेत व्यक्तिगत प्रभाव होते हैं।

BSA (बीएसए) की चीफ एग्जिक्यूटिव (मुख्य कार्यकारी) Stacey Wood (स्टेसी वुड) का कहना है कि कई प्लेटफार्मों (मंचों) पर [प्रस्तुत] सामग्री से होने वाले आक्रोश, कष्ट और अस्वीकृति की भावनाओं को देखना दुखद है।

"हमारा शोध इन समुदायों के हानि के अनुभवों और विभिन्न परिदृश्यों में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को दिए जाने वाले महत्व पर उनके दृष्टिकोण में गंभीर अंतर्दृष्टि देता है। ये निष्कर्ष BSA (बीएसए) के भविष्य के निर्णयों को सूचित करने में उपयोगी होंगे।

“वे विषय-सामग्री रेगुलेशन (अधिनियम) के किसी भी सुधार से निपटने के लिए गंभीर मुद्दों को भी उठाते हैं, जिसमें एक ऐसे प्रशासन की आवश्यकता भी शामिल है जो सोशल मीडिया को - जिसे आक्रामक सामग्री फैलाने के लिए प्रमुख चैनल के रूप में देखा जाता है, को प्रभावी ढंग से संबोधित करे। भावी सुधारों में हानिकारक सामग्री के संचयी प्रभाव पर भी विचार करना चाहिए और प्रणालीगत मुद्दों से निपटना चाहिए।

"अन्य शोधों में आम तौर पर मीडिया में घटते भरोसे के बारे में चिंता व्यक्त की गई है, हमारे सर्वेक्षण से इस बारे में भी कुछ जानकारी मिलती है कि हमारे द्वारा सर्वे किए गए समुदायों के बीच सामग्री के प्रति विश्वास और जुड़ाव में क्या बाधा आ सकती है।" पिछले साल उद्योगों के नेतृत्व में आयोजित एक राष्ट्रीय wānanga (गोष्ठी सा पंचायत के लिए माओरी भाषा का शब्द) में समाचार मीडिया और सामुदायिक नेताओं को बेहतर प्रतिनिधित्व के माध्यम से समाचारों में विश्वास में सुधार करने के तरीके खोजने के लिए एक साथ लाया गया था, जो एक सकारात्मक कदम था - लेकिन इन निष्कर्षों से पता चलता है कि अभी भी आगे एक लंबा रास्ता तय करना है," वुड कहते हैं।

पूरी शोध रिपोर्ट BSA (बीएसए) की वेबसाइट पर यहाँ उपलब्ध है।

समाप्त

* यह शोध BSA (बीएसए) के लिए AK Research & Consulting (एके रिसर्च एंड कन्सलटिंग) द्वारा न्यूज़ीलैंड के माओरी, प्रशान्त के लोगों, एशियन और मुस्लिम समुदायों के विचारों और अनुभवों का पता लगाने के लिए आयोजित किया गया था। इसमें इन समुदायों के समूहों के साथ प्रारंभिक फोकस समूह चर्चा शामिल थी, जिसका उपयोग बाद में इन समूहों के 493 सदस्यों के व्यापक-पहुंच वाले ऑनलाइन सर्वेक्षण को सूचित करने के लिए किया गया था। फील्डवर्क को 8-15 अप्रैल और 2-16 मई 2024 के दौरान आयोजित किया गया था।

95% विश्वास स्तर पर 50% के आंकड़े के लिए प्रत्येक नमूने के आकार के लिए [निम्न] त्रुटि की संभावना है: माओरी +/- 7.9%; प्रशान्त क्षेत्र के लोग +/- 8. 0%; एशियन +/- 7.3%: मुस्लिम +/- 10.0%.

नोट्स (टिप्पणियां)

ब्रॉडकॉस्टिंग स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी के बारे में

BSA (बीएसए) एक स्वतंत्र राजकीय संस्था है जो न्यूज़ीलैंड में प्रसारण मानक नियमों की निगरानी करती है। BSA, मानकों का उल्लंघन करने वाले प्रसारणों की शिकायतें निर्धारित करता है, जांच-पड़ताल करता है और प्रसारणकर्ताओं के परामर्श से प्रसारण मानकों के विकास की निगरानी करता है।

X पर @BSA_NZ या LinkedIn पर हमें फॉलो करें
अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट देखें: www.bsa.govt.nz